St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi : (2nd Term) **(Worksheet –17)** **Date: 08.10.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -1**

दो मित्र थे - मोहन और सोहन | दोनों एक साथ पढ़ते और एक साथ खेलते थे | एक दिन दोनों घर जा रहे थे कि दो कुत्ते लड़ते हुए उधर आ निकले | मोहन कुत्तों से बहुत डरता था | वह कुत्तो को देखकर भागने लगा | वह ठोकर खा कर गिर पड़ा | उसकी टांग से खून बहने लगा | सोहन दौड़कर उसके पास पहुंचा | टांग से खून बहता देख उसने तुरंत अपना रुमाल घाव पर बाँध दिया | और मोहन को सहारा देकर घर ले गया | मोहन की माँ उसे डॉक्टर के पास ले गई | डॉक्टर ने चोट पर दवा लगाकर पट्टी बांध दी |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 दोनों मित्रों के क्या नाम थे ?

2 दोनों मित्र क्या करते थे ?

3 मोहन क्यों भागने लगा ?

4 मोहन की टांग से खून बहने पर सोहन ने क्या किया ?

5 खाली जगह भरो :-

मोहन की माँ उसे ___________ के पास ले गई |

6 सँयुक्ताक्षर शब्द छाँटकर लिखो :-

____

7 वाक्य पूरा करो :-

उसकी टांग से ______________

8 वाक्य बनाओ :-

सहारा =______________________

Poonam Mehra